सीईओ के आदेश पर भारी पड़ रहे बाबू

मामला जिला पंचायत सीधी में सीईओ के आदेश के बाद भी संबंधित शाखा के बाबू ने आरटीआई की जानकारी नही दी

नवभारत न्यूज

सीधी 21 जून। सीईओ के आदेश पर बाबू भारी पड़ रहे हैं। मामला जिला पंचायत सीधी में सीईओ के आदेश के बाद भी संबंधित शाखा के बाबू द्वारा आरटीआई की जानकारी नही देने का है।

शहर के समाजसेवी ए.एन.सिंह द्वारा जिला पंचायत सीधी के समक्ष लोक सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन में सीईओ जिला पंचायत सीधी सचिव/रोजगार सहायक 1 सितम्बर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक किये गये स्थानांतरण संबंधित आदेश एवं नोटशीट की प्रमाणित छायाप्रति, जिपं सीधी द्वारा सचिव/रोजगार सहायक को ग्राम पंचायत का प्रभार देने के संबंध में दिनांक 1 सितम्बर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक जो भी आदेश जारी किये गये हैं समस्त आदेशों एवं नोटशीट की प्रमाणित प्रति आदि की मांग की गई थी। समयसीमा में वांछनीय जानकारी न मिलने पर प्रथम अपील सीईओ जिपं सीधी के यहां प्रस्तुत की गई। जिस पर 23 अप्रैल 26 को आदेश पारित कर एक माह के अंदर देने के निर्देश दिये गये थे, फिर भी जानकारी नहीं दी गई।

जानकारी नही देना पर खड़े हो रहे सवाल

जिला पंचायत कार्यालय के संबंधित बाबू द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी को सीईओ के आदेश के बाद भी नहीं देने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा है कि संबंधित जानकारी को पूरी तरह से दबाया जा रहा है जिससे जो भी मनमानी हुई है वह सामने न आ सके। संबंधित बाबू द्वारा जिस तरह से जानकारी नहीं दी जा रही है उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

आवक-जावक रजिस्टर की जानकारी देने से किया इंकार

जिला पंचायत कार्यालय में आरटीआई से संबंधित आवेदन के आवक-जावक रजिस्टर में दर्ज होने की जानकारी देने से साफतौर पर इंकार किया जा रहा है। आवक-जावक रजिस्टर से जानकारी देना कोई गोपनीय बात नहीं है। इसका संधारण इसी वजह से किया जाता है कि इसमें सभी आवेदन एवं डाक दर्ज होती है।

इनका कहना है

आवेदक द्वारा आरटीआई के माध्यम से चाही गई जानकारी निर्धारित समय में लोक सूचना अधिकारी जिला पंचायत सीधी से संबंधित शाखा द्वारा नही उपलब्ध होने पर प्रथम अपील की गई थी। अपील का निराकरण कर जानकारी उपलब्ध कराने हेतु मेरे द्वारा किए आदेश का अभी तक पालन क्यों नही किया गया। इसकी जानकारी लेकर जल्द से जल्द जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए जायेंगे।

शैलेन्द्र सोलंकी
सीईओ जिला पंचायत सीधी

सेवानिवृत पर एसएन द्विवेदी का हुआ विदाई समारोह

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। ट्रायवल वेलफेयर टीचर्स एशोसिएशन संघ के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे पूर्व परियोजना प्रशासक एवं पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएन द्विवेदी का सेवानिवृत्त उपरांत टिकरी के परिणय वाटिका मे भव्य विदाई समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

विदाई समारोह में जिला पंचायत सदस्य द्वय कृष्णलाल पयासी छोटू, हीराबाई सिंह, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, पूर्व जिला पंचा सदस्य शेषमणि पनिका, जनपद सदस्य जमुनी देवी, एड. बद्री मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष उर्मलिया, मंडल अध्यक्ष केके मिश्रा, सहायक आयुक्त जेएस उइके, सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष मकरन्द सिंह उइके की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विदाई एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य कृष्णलाल पयासी छोटू ने कहा कि एसएन द्विवेदी का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा, उनमें कार्य करने की जो नेतृत्व क्षमता थी वो अपार थी। अलग प्रतिभा के धनी थे सबको साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। प्रशासनिक सेवा से भले ही आप मुक्त हो रहे हैं लेकिन सीधीवासियों के दिल मे आप हमेशा बसे रहेंगे। वहीं जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने कहा की आज आप भले ही सेवानिवृत्त हो गए हैं लेकिन आप हम सबके बीच हमेशा-हमेशा रहेंगे। कुसमी जनपद उपाध्यक्ष भूपाल सिंह ने कहा कि श्री द्विवेदी के सीईओ रहते किसी को निराश नही किये। पक्ष हो या विपक्ष किसी को असंतुष्ट नही करते थे।

अधिकारी आते हैं जाते हैं लेकिन श्री द्विवेदी ने जो छाप छोड़ी है उसको लोग याद करते रहेंगे। सबको संतुष्ट करने वाले अधिकारी के रूप मे जाने जायेंगे।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेषमणि पनिका ने कहा कि श्री द्विवेदी सेवा ही नही किये बल्कि निशानियां छोड़कर गए हैं। हर व्यक्ति के सुख-दुख को सजाने सवांरने का काम किया है आपका तमन्ना बगीचा हम सबकी धरोहर है। वहीं सहायक आयुक्त जेएस उइके ने कहा कि आपके से 10 महीने का साथ रहा आप ही मार्गदर्शक रहें। आपने प्रशासनिक कार्य करना सिखाया है। आपकी प्रतिभा का लाभ समाज एवं क्षेत्र मे सबको मिलेगा।

गणेश स्कूल में शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। स्थानीय एसजीएसएस स्कूल गणेश स्कूल पड़रा सीधी में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं एचएम माएमा सिमन्स की उपस्थिति में संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षक तरुणनाथ मिश्र, माखनलाल मिश्र एवं प्रियंका सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी ने तनावमुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पूरे विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और योगमय वातावरण देखने को मिला।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लिनेस क्लब कामाख्या ने दिया स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का संदेश

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लिनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा मिश्रा नर्सिंग होम में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आराधना सिंह ने उपस्थित सदस्यों को योगाभ्यास कराया तथा योग के महत्व, उपयोगिता और स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. सुनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आराधना सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक बने रहते हैं। योग तनाव, चिंता, अवसाद, उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालकर व्यक्ति अपने जीवन में संतुलन और ऊर्जा बनाए रख सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग स्वस्थ एवं निरोगी रहने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। भारत की इस प्राचीन विरासत को आज पूरा विश्व अपना रहा है, जो देश के लिए गौरव का विषय है।

कार्यक्रम में डॉ. बीना मिश्रा, डॉ. सुनीता तिवारी, शर्मिला सिंह, रंजना शुक्ला, नीलम अंसारी, सुनीता सिंह, उर्मिला गुप्ता, अंजू शर्मा, रश्मि सोनी, गीतिका कटारिया, नम्रता सिंह, भारती सिंह, स्मृति दुबे एवं आराधना सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। लिनेस क्लब कामाख्या सीधी ने भविष्य में भी स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

डॉ. बीना मिश्रा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने का कार्य करता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अनियमित जीवनशैली के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए।

योग जीवन भर अपनाई जाने वाली स्वस्थ आदत : डॉ .तिवारी

डॉ. सुनीता तिवारी ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनभर अपनाई जाने वाली एक स्वस्थ आदत है। नियमित योगाभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मन एकाग्र रहता है और व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है।

दो नाबालिगों को पुलिस ने खोजा

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। थाना बहरी पुलिस की तत्परता से दो गुमशुदा नाबालिग बालिकाएं सकुशल दस्तयाब हुई और परिजनों को सुपुर्द किया गया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बहरी पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की तलाश हेतु चलाए गए अभियान के तहत दो अलग-अलग प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 18 जून 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी नाबालिग पुत्री दिनांक 16 जून 2026 को विद्यालय में परीक्षा परिणाम लेने जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। रिपोर्ट पर थाना बहरी में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा जिला शहडोल के ब्यौहारी क्षेत्र में तलाश कर दिनांक 19 जून 2026 को बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

कांग्रेस को मजबूती दिलाने के लिए की समीक्षा बैठक

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। सीधी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीधी शहर अंतर्गत चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत सेक्टर डैनिहा, इंद्रप्रस्थ नगर, मधुरी, आजाद नगर एवं दक्षिण करौंदिया सेक्टर की विभिन्न वार्डों में गठित वार्ड कांग्रेस कमेटियों का सत्यापन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की उपस्थिति में संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा और समीक्षा की गई।

इस दौरान बूथ एवं पंचायत स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियान को प्रभावी करने तथा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मजबूत संगठन ही जनभावनाओं की सशक्त आवाज बनता है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस को गांव-गांव और वार्ड स्तर तक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष हल्के सोनी, प्रभारी अशोक कोरी, भूपेन्द्र सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, जान आलम, रमेश सेन, रेखा सोनी, जैनेन्द्र जायसवाल, सैनेंद्र सिंह, सुनील सिंह, श्रीनिवास जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्यालय मड़रिया में योग कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया सीधी में आज विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में बृजमोहन योगी पूर्व प्राचार्य उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि का स्वागत बंदन पश्चात आसन एवं योग प्राणायाम किया गया। योग कार्यक्रम का संचालन बृज मोहन प्रसाद योगी के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह संधि योग कराते हुए उसके महत्व के बारे में बताएं कि इसके द्वारा हमें बुढ़ापा में परेशानी नहीं होगी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा, आचार्य दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, कप्तान सिंह, रघुराज सिंह, आनन्द तिवारी, पवन पाण्डेय, पुष्पेंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र मिश्रा, अमृत लाल सोनी, अतीन्द्र सिंह, संगीता सिंह, नमिता मिश्रा, लक्ष्मी तिवारी, पंकज मिश्रा, शत्रुध्न प्रसाद शुक्ला आदि समस्त आचार्य और दीदियां तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे।

ग्रामोत्सव के तहत हिरन नदी उद्गम स्थल पर हुआ श्रमदान

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित आदर्श ग्राम रामगढ़ नम्बर-2 में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर 2 के आयोजन पर चल रहे 100 दिवसीय ग्रामोत्सव के बारहवें दिवस प्रातः काल योग उपरांत हिरन नदी उद्गम स्थल एवं निर्माणाधीन नर्सरी पर श्रमदान किया गया।

ग्रामवासियों, युवाओं, महिलाओं एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान कर नदी उद्गम क्षेत्र के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दोहराया। गौरतलब है कि ग्रामोत्सव का आयोजन 10 जून 2026 से 11 सितंबर 2026 तक 100 दिनों के लिए किया जा रहा है। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर 2 द्वारा विगत 12 वर्षों से ग्रामोत्सव मनाया जा रहा है और इस दौरान ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, धार्मिक कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधि, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक जागरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामोत्सव के छठवें दिवस बीज संग्रह अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय प्रजातियों के बीज एकत्रित कर भविष्य में वृक्षारोपण हेतु सुरक्षित किए गए। सातवें दिवस सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ, जिससे ग्राम में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण हुआ। इसके पश्चात आठवें दिवस से ग्यारहवें दिवस तक लगातार हिरन नदी उद्गम स्थल पर श्रमदान किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, जल प्रवाह मार्ग के संरक्षण तथा उद्गम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य संपन्न किए। बारहवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर योग किया गया और तदोपरांत हिरन नदी उद्गम स्थल पर श्रमदान कर नदी संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाया गया। ग्राम पंचायत रामगढ़ उप सरपंच राजेन्द्र जायसवाल ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और जनभागीदारी से ही प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

छात्रवीर सिंह राठौर को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं सहायक निर्देशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा डॉ. छात्रवीर सिंह राठौर को उनके शोध विषय अटल बिहारी वाजपेई की काव्य संवेदना और उनके साहित्यिक चिंतन शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित गरिमामयी समारोह में डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रदान किया गया। श्री राठौर को प्राप्त इस प्रतिष्ठित उपलब्धि से

प्रदेशभर के शिक्षकों, शिक्षा प्रेमियों एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं शिक्षको में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। बधाईकर्ता में सतीश कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष, रामजी शुक्ला सचिव, सुरेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, शिव शंकर सिंह संगठन मंत्री, मीडिया प्रमुख मुकेश सेन, विकासखंड अध्यक्ष सीधी, कुमुद पाण्डेय, रामपुर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, मझौली नरेंद्र तिवारी, सिहावल राजेंद्र सिंह, कुसमी प्रवीण शुक्ला, तहसील इकाई रामपुर पीके अग्निहोत्री, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के सभी पदाधिकारीगण एवं समस्त शिक्षक/कार्यकर्ता शामिल हैं।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन से समूचा वातावरण योगमय हो उठा : डॉ . राजेश

छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

नवभारत, न्यूज

सीधी 21 जून। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर जिले के छत्रसाल स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम छत्रसाल स्टेडियम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर विकास मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर बल देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं बल्कि जीवन को संतुलित, ऊर्जावान और सकारात्मक बनाने की भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है। उन्होंने युवाओं से तनावमुक्त, अनुशासित और स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से आज योग विश्व के करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के उद्बोधन से समूचा वातावरण योगमय हो उठा। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का ऐसा अमूल्य ज्ञान है जो शरीर को निरोग, मन को शांत और व्यक्तित्व को सशक्त बनाता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि युवा प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें तो वे न केवल शारीरिक रूप से फिट रहेंगे बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

योग है स्वस्थ, अनुशासित और सशक्त जीवन का आधार : रीती

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाकर भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया है, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में योग संस्कृति को व्यापक जनभागीदारी के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। योग हमारी प्राचीन परंपरा के साथ आधुनिक जीवन की आवश्यकता भी है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग युवाओं को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन प्रदान करता है, जिससे वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।